भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

भाविप्रा/रांची/भूमि/2023/1218 दिनांक: 25.07.23

सेवा में

**वन प्रमण्डल पदाधिकारी**
जमशेदपुर वन प्रमण्डल
जमशेदपुर

**विषयः धालभूमगढ़ हवाईअड्डा के विकास हेतु 99.256 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में**
प्रसंगः वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमंडल के कार्यालय का पत्रांक 1473/जमशेदपुर, दिनांक 11/07/2023

महाशय,

उपरोक्त प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में प्रदत्त दिशानिर्देश के अनुसार धालभूमगढ़ हवाईअड्डा के विकास हेतु 99.256 हे0 भूमि अपयोजन प्रस्ताव में बतायी गयी त्रुटियों में अपेक्षित सुधार कर पुनः समर्पित की जा रही है।

**त्रुटियाँ, निर्देश एवं अनुपालन प्रतिवेदन निम्नलिखित हैं।**

| पृच्छा संख्या | विसंगति | निर्देश | अनुपालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावित वन भूमि एवं गैर–वनभूमि का KML File CD के रूप में समर्पित किया गया है। जाँचोपरांत CD के रूप में समर्पित KML कुल 99.292 हे0 का है जो कि प्रस्तावित एरिया के लगभग में है तथा स्वीकार योग्य है। किन्तु Form-A, Part-1 Online में मात्र 61.2603 हे0 का KML File Uploaded है जो कि प्रस्तावित रकबा से लगभग 38 हे0 कम का है। अतएव, Online uploaded KML File में सुधार अपेक्षित है। | संबंधित त्रुटि का निराकरण कर Form-A, Part-1 Online में मात्र 61.2603 हे0 का KML File Uploaded KML File सुधार करते हुए संशोधित प्रतिवेदन समर्पित किया जाय। | निर्देशानुसार त्रुटि का निराकरण कर KML File Privesh Portal पर Upload कर दी गई है। |
| 2. | FRA प्रमाण–पत्र एवं ग्राम सभा की कार्यवाही की प्रति समर्पित नहीं की गई है। | वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत् संबंधित उपायुक्त का प्रमाण पत्र एवं ग्राम सभा की कार्रवाई की प्रति समर्पित नहीं किया गया है। अतः इसे अविलम्ब समर्पित किया जाय। | प्रस्ताव से संबंधित FRA प्रमाण हेतु ग्राम सभा की कार्यवाही प्रगति पर है। कार्यलय उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर से FRA प्रमाण पत्र निर्गत होते ही, प्रमाण पत्र समर्पित कर दी जाएगी। |

अनुरोध है कि अग्रेतर कार्यवाही करने की कृपा करें।

धन्यवाद,

भवदीय

के एल अग्रवाल 25/07/23
(के. एल. अग्रवाल)
विमानपत्तन निदेशक
बिरसा मुण्डा विमानपत्तन, रांची

कार्यालयः विमानपत्तन निदेशक बिरसा मुण्डा हवाईअड्डा, रांची–834002 टेलि.: 0651–2253395 ईमेल: apd_verc@aai.aero
O/o The Airport Director Birsa Munda Airport, Ranchi-834002 Tel: 0651- 2253395 E-mail : apd_verc@aai.aero

Scanned with ACE Scanner